भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

507, कसमन्डा अपार्टमेन्ट्स, 2, पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ – 226001, भारत
फोनः +91-522-4016048 वेबसाइटः www.bhavanaindia.org ई.मेलः bhavanasindia@gmail.com

## भावना का बीसवाँ स्थापना दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

**भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना)** का **बीसवाँ स्थापना दिवस समारोह** रविवार, 25 अगस्त, 2019 को इंजीनियर्स भवन प्रेक्षागृह, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित **शिक्षा सहायता योजना** के अन्तर्गत 27 विद्यालयों के 144 गरीब एवं अति गरीब किन्तु मेधावी छात्रों/छात्राओं को सहयोग राशि की पहली किश्त वितरित की गई। इनमें कक्षा 8 तक के 106, कक्षा 9 व 10 के 19 तथा कक्षा 11 व 12 के भी 19 बच्चे सम्मिलित हैं। लाभार्थी बच्चों में 14 दृष्टिबाधित बच्चे भी हैं। कक्षा 8 तक के प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए 600 रुपए की, कक्षा 9 एवं 10 के प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए 900 रुपए की तथा कक्षा 11 व 12 के प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए 1000 रुपए की पहली किश्त के चेक लाभार्थी छात्रों/छात्राओं की एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों अथवा उनके प्रतिनिधियों को प्रदान किए गए। दूसरी तथा अन्तिम किश्त भी इतने ही रुपयों की होगी जो जनवरी, 2020 में उन्हीं बच्चों को दी जाएगी जिनके छमाही परीक्षा के नतीजे उत्तम पाए जायेंगे।

चार अत्यंत मेधावी छात्राओं, कु. प्रिया सिंह, कु. अर्पिता पाण्डेय, कु. सिम्मी मौर्या तथा कु. प्रीति पाल को स्नातक कक्षाओं की शिक्षा के लिए छः छः हजार रुपए के सहयोग की चेकें भी प्रदान की गईं। **प्रथम तीन छात्राओं को यह सहयोग कु. आंचल भारद्वाज (गैर–सदस्य) के सौजन्य से प्रदान किया गया। चौथी छात्रा को यह सहयोग श्री सुभाष चन्द्र विद्यार्थी (विशिष्ट सदस्य) के सौजन्य से प्रदान किया गया।**

कु. अर्पिता पाण्डेय को कक्षा 12 की परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए 21,000 रुपए का **''स्व. डॉ. कृष्ण दत्त पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया। श्री आयुष बाजपेयी को इसी परीक्षा में अति उत्तम प्रदर्शन के लिए 15,000 रुपए का **''स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मति पुरस्कार''** प्रदान किया गया।

श्री हर्षित वर्मा को कक्षा 10 की परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए 11,000 रुपए का **''स्व. गायत्री देवी पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया। कु. नेहा कश्यप को इसी परीक्षा में अति उत्तम प्रदर्शन के लिए 10,000 रुपए का **''स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया।

**स्व. डॉ. कृष्ण दत्त पाण्डेय स्मृति पुरस्कार तथा स्व. गायत्री देवी पाण्डेय स्मृति पुरस्कार उनके सुपुत्र श्री बिपिन कुमार पाण्डेय (गैर–सदस्य) द्वारा प्रायोजित हैं। स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार भावना के दिवंगत विशिष्ट सदस्य स्व. रमेश चन्द्र तिवारी को पत्नी श्रीमती वीणा तिवारी द्वारा प्रायोजित हैं। श्रीमती वीणा तिवारी अब भावना की सम्मानित विशिष्ट सदस्य हैं।**

श्री आयुष बाजपेयी को आर.आर. इंस्टीट्यूट ऑफ़ मॉडर्न टेक्नॉलोजी, लखनऊ के **बी.टेक.(प्रथम वर्ष)** में अध्ययन हेतु उनकी मांग के अनुरूप 32,000 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया।

श्री अमित सिंह को ए.के.जी. कॉलेज, लखनऊ के **बी.एड.(प्रथम वर्ष)** में अध्ययन हेतु उनकी मांग के अनुरूप 70,000 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया।

**उपरोक्त दोनों छात्रों को यथावर्णित आर्थिक सहयोग माननीय ब्रिगेडियर(से.नि.) अशोक पाण्डेय (गैर–सदस्य) द्वारा प्रदान किया गया। इस शिक्षा–सत्र क परोक्षा–फल**

पृष्ठ......2

**उत्तम होने पर उन्हें अगले सत्र में अध्ययन हेतु भी उनकी मांग के अनुरूप धनराशि का सहयोग प्रदान करने का आश्वासन ब्रिगेडियर(से.नि.) अशोक पाण्डेय ने दिया है।**

**भावना** के **महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ** की **सचिव, श्रीमती अर्चना गोयल** ने अपनी ओर से कक्षा 12 तक के सभी बच्चों को तौलिए भेंट किए, साथ ही कक्षा 11 व 12 के बच्चों को फाउन्टेन पेन भी दिये। **श्रीमती मंजुला सक्सेना, श्री जितेन्द्र नाथ सरीन, श्री जगत बिहारी अग्रवाल, श्री प्रदीप कुमार गोयल तथा डॉ. नरेन्द्र देव** ने मिलकर कक्षा 11 व 12 के बच्चों को एक एक कैलकुलेटर भेंट में दिए तथा स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष की छात्राओं को एक एक डॉकूमेंट–फोल्डर दिया। **श्री ओम प्रकाश गुप्ता** द्वारा कक्षा 9 व 10 के बच्चों को एक एक वाटर बॉटल दी गई। सभी बच्चों को **डॉ. नरेन्द्र देव द्वारा रचित, भावना द्वारा प्रकाशित, ''स्वस्थ रहने के सरल उपाय''** नामक लघु–पुस्तिका भी भेंट की गई। शुरू में **श्रीमती अर्चना गायल** ने सभी बच्चों को नाश्ता कराया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन तथा **भावना** के संकल्प–गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **श्री जय शंकर मिश्र**, आई.ए.एस.(से.नि.), पूर्व आयुक्त, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार थे। ब्रिगेडियर(से.नि.) अशोक पाण्डेय, हेल्पेज इंडिया के निदेशक श्री अशोक कुमार सिंह तथा मनीषा मंदिर ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कई अन्य प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुख भी समारोह में अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

**भावना** के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल ने मुख्य अतिथि सहित सभी अभ्यागतों का स्वागत किया तथा संक्षेप में समिति की गतिविधियों की जानकारी दी एवं उन दान–दाताओं को धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से ही **भावना** के लिए गरीब किन्तु मेधावी बच्चों को आर्थिक सहयोग देना सम्भव हो पा रहा है। उन्होंने सहर्ष घोषित किया कि शिक्षा–सत्र 2020–21 में भी **भावना** द्वारा कक्षा 12 तक के कम से कम 100 बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। वर्तमान सत्र में कक्षा 8 व 9 में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रहे जो बच्चे कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर क्रमशः कक्षा 9 व 10 में पहुँचेंगे उन्हें सत्र 2020–21 में इन कक्षाओं में अध्ययन हेतु प्रति छात्र/छात्रा 1800 रुपए का सहयोग प्रदान किया जाएगा। वर्तमान सत्र में कक्षा 10 तथा 11 में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रहे जो बच्चे कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर क्रमशः कक्षा 11 एवं 12 में पहुँचेंगे उन्हें सत्र 2020–21 में इन कक्षाओं में अध्ययन हेतु प्रति छात्र/छात्रा 2000 रुपए का सहयोग प्रदान किया जाएगा।

श्री शुक्ल ने बताया कि वर्तमान सत्र में कक्षा 12 तक के बच्चों को कुल 1,99,400 रुपए, स्नातक कक्षाओं की छात्राओं को कुल 24,000 रुपए, बी.टेक. तथा बी.एड. के छात्रों को कुल 1,02,000 रुपए तथा विशेष पुरस्कारों के रूप में 57,000 रुपए, अर्थात कुल 3,82,400 रुपए का सहयोग छात्रों/छात्राओं को प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि श्री जय शंकर मिश्र ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की संस्थाओं के कार्यक्रमों में सामान्यतः या तो उनकी अपनी समस्याओं पर चिंतन होता है या आध्यात्मिक चिंतन होता है। **भावना** पहली ऐसी संस्था वे देख रहे हैं जिसके सम्मेलन में केवल जन कल्याण की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस लगन से इस संस्था के सदस्य सेवा–कार्य में लगे हुए हैं उसे देख कर वे अभिभूत हैं तथा वे स्वयं भी **भावना** के सदस्य बनकर इसके जनोपयोगी कार्यक्रमों को यथासम्भव सहयोग करेंगे। **उन्होंने भावना के जन–हितकारी कार्यक्रमों क लिए अपनी ओर से एक लाख रुपये का सहयोग देने का संकल्प भी व्यक्त किया।**

इससे पूर्व मंचासीन अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुशील शंकर सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को स्नेह–भोज हेतु आमंत्रित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री देवकी नन्दन ''शान्त'' ने किया।

(विनोद कुमार शुक्ल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो. 09335902137